मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-400
09/08/2020

मुख्यमंत्री ने आर0 ब्लॉक फ्लाई ओवर का किया शुभारंभ, निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन पुलों–पथों के कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

- फ्लाईओवर के अधिकाधिक निर्माण से पटना के लोगों को आवागमन में सहुलियत तो होगी ही साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों से पटना आने वाले लोगों को भी जाम से मुक्ति मिलेगी– मुख्यमंत्री

पटना, 09 अगस्त 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज आर0 ब्लॉक फ्लाई ओवर का शुभारंभ किया। इस फ्लाई ओवर के शुरु होने से विधानसभा एवं हार्डिंग रोड के रास्ते वीरचंद पटेल पथ और इनकम टैक्स होते हुए डाकबंगला जाने वाले लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के आर0 ब्लॉक गोलंबर पर बने एलिवेटेड रोटरी में नेटवर्क ऑफ फ्लाई ओवर नक्शे के अवलोकन के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि आर0 ब्लॉक–दीघा पथ को भी जी0पी0ओ0 के पास इस फ्लाई ओवर से जोड़ दिया जाएगा जिससे गंगा पथ और दीघा पुल से आवागमन का सीधा जुड़ाव हो जाएगा और उत्तर बिहार के लोगों को भी यहां आने में सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री ने आर0 ब्लॉक फ्लाईओवर को एलिवेटेड पथ के माध्यम से फोरलेन आर0 ब्लॉक दीघा पथ को जोड़ने का निर्देश दिया। इससे पटना रेलवे स्टेशन से जे0पी0 सेतु तक का सीधा सम्पर्क स्थापित हो जायेगा।

मुख्यमंत्री ने करबिगहिया एलिवेटेड रोटरी का भी निरीक्षण किया और उससे जुड़ने वाले निर्माणाधीन पुलों एवं मार्गों से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि इस गोलंबर के एक छोर से चिरैंयाटांड पुल होते हुए कंकड़बाग फ्लाईओवर भी कनेक्ट होगा। चिरैयांटांड पुल के दक्षिणी छोर से यह कनेक्ट होगा जिससे मीठापुर–करबिगहिया और कंकड़बाग फ्लाईओवर सीधे जुड़ जायेंगे। गोलंबर के दूसरी तरफ पुल के निर्माण से पुनपुन होते हुए महुली तक का आवागमन आसान होगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लाईओवर के अधिकाधिक निर्माण से पटना के लोगों को आवागमन में सहुलियत तो होगी ही साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों से पटना आने वाले लोगों को भी जाम से मुक्ति मिलेगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, विधान पार्षद श्री नवल किशोर यादव, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री नितिन नवीन, अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, बिहार पुल राज्य निर्माण निगम के अध्यक्ष श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******